राज्य का अर्थ एवं परिभाषाएँ

राजनीति विज्ञान के अध्ययन का मुख्य विषय 'राज्य' है। राजनीति शास्त्र का आरम्भ और अन्त राज्य के साथ ही होता है। 'राज्य' शब्द को अंग्रेजी में State कहा जाता है और स्टेट State शब्द से लैटिन भाषा के Status से निकला है, लैटिन भाषा में स्टेटस शब्द का अर्थ दूसरो की तुलना में उच्च स्तर है। शब्दों के अर्थ के पक्ष से राज्य उस संगठन का नाम है जिसका रुतबा या स्थिति अन्य संगठनो और लोगों की रुतबे या स्थिति से ऊचा है। राज शब्द का पहली बार प्रयोग इटली के महान विद्वान, (Mechavalli) ने किया था।

राज्य एक विश्व व्यापक संगठन है। दुनियाँ की लगभग पूरी आबादी विभिन्न क्षेत्रों के संगठित राज्यों में रहती है। राज ही राजनीति शास्त्र का मुख्य विषय वस्तु है। राज्य की कुछ महत्वपूर्ण परिभाषाएँ निम्न हैं–

1. अरस्तु ⇒ "राज्य एक पूर्ण ~~निर्भर~~ आत्मनिर्भर जीवन बिताने वाले परिवारों और ग्रामों का संघ है।"

2. हालैण्ड ⇒ "राज्य मनुष्य के ऐसे समूहों का नाम है जो एक निश्चित क्षेत्र में रहते हैं जिसमें बहुगुणता के आधार पर एक वर्ग अपने विरोधियों पर हुकूमत करता है।"

3. मैकाइवर तथा पेज ⇒

राज्य एक संगठन है जो किसी निश्चित भूभाग पर सर्वशक्तिमान सरकार के माध्यम से शासन करता है। यह सामान्य नियमों द्वारा व्यवस्था कायम रखता है।"

Scanned with CamScanner